मूल्य: १०.०० रूपया

तित्थयर

॥ जैन भवन ॥

वर्ष : ३० अंक : ०१ अप्रैल २००६

ज्ञान से पदार्थों को जाना जाता है,
दर्शन से श्रद्धा होती है,
चारित्र से कर्मास्रव की रोक होती है,
और तप से शुद्धि होती है।

Sethia Oil Industries Ltd.

Manufacturers of De-oiled Rice Bran, Mustard Deoiled Cakes, Neem deoiled Powder, Groundnut De-oiled Cakes, Mahua deoiled cakes etc. And Solvent Extracted Rice Bran Oil, Neem Oil, Mustard Oil etc.

Plant:
Post Box No.5
Lucknow Road
Sitapur-2261001 (U.P.)
Ph : 242017/42397/
42073 (05862)
Gram - Sethia- Sitapur
Fax : 242790 (05862)

Registered Office:
143, Cotton Street
Kolkata - 700 007
Ph : 2238-4329/
8471/5738
Gram - Sethia Meal

Executive Office:
2, India Exchange Place
Kolkata - 700 001
Ph : 22201001/9146/5055
Telex : 217149 SOIN IN
FAX : 22200248 (033)

तित्थयर

श्रमण संस्कृति मूलक मासिक पत्रिका

वर्ष - ३० अंक - ०१, अप्रैल २००६

लेख, पुस्तक समीक्षा तथा पत्रिका से सम्बन्धित पत्र व्यवहार के लिये
पता - Editor : Titthayar, P-25, Kalakar Street, Kolkata - 700 007
Phone : 2268-2655, Website : www.info@jainbhawan.com

विज्ञापन तथा सदस्यता के लिये कृपया सम्पर्क करें —
Secretary, Jain Bhawan, P-25, Kalakar Street, Kolkata - 700 007
Subscription for one year : Rs. 100.00, US$ 20.00,
for three years : Rs. 300.00, US$ 60.00,
Life Membership : India : Rs. 1000.00, Foreign : US$ 160.00

Published by Smt. Lata Bothra on behalf of Jain Bhawan from
P-25, Kalakar Street, Kolkata - 700 007, Phone : 2268-2655
and Printed by her at Arunima Printing Works, 81, Simla Street
Kolkata - 700 007 Phone : 2241-1006

संपादन
डॉ. लता बोथरा,

॥ जैन भवन ॥

अनुक्रमणिका

क्र. सं.	लेख	लेखक	पृ. सं.
१.	आदिनाथ ऋषभदेव और अष्टापद शोध ग्रन्थ (भाग-२)	डॉ. लता बोथरा	१५

मूल्य - १०.०० रूपये

कवरपृष्ठ : गोपाचल पर्वत (ग्वालियर) में स्थित प्राचीन तीर्थंकर मूर्तियाँ

Composed by:
Jain Bhawan Computer Centre, P-25, Kalakar Street Kolkata - 700 007

आदिनाथ ऋषभदेव और अष्टापद शोध ग्रन्थ

भूमिका

प्राच्य विद्याविशारद प्रो. मैक्समूलर ने अपने निबन्ध "India What Can It Teach Us" 'भारत हमें क्या सिखा सकता है' में लिखा है "यदि हमसे पूछा जाय कि अन्तरिक्ष के नीचे वह कौन सा स्थान है जहाँ मानव के मानस ने अपने अन्तराल में निहित ईश्वर प्रदत्त अन्यतम सद्भावों को पूर्ण रूप से विस्तृत किया, गहराई में जाकर जीवन की कठिनतम समस्याओं का विचार किया है और उनमें से अनेकों को सुलझाया है, जिसको जानकर प्लेटो और कान्ट का अध्ययन करने वाले मनीषी भी आश्चर्य चकित होकर रह जाय, तो मेरी ऊंगली भारत की ओर उठेगी। मैक्समूलर के इस कथन से मन में अनेकों जिज्ञासाएं उठती है कि भारत में ही ऐसी क्या विशेषता है और यह कैसे और कहाँ से आयी। अन्य क्षेत्रों में यह विशेषता क्यों नहीं है भारत को ही महान् क्यों कहा गया है यही खोज करने के लिये हमें अपनी संस्कृति के मूल स्रोत को जानना होगा। जिस प्रकार वृक्ष का अस्तित्व उसकी जड़ में निहित रहता है और जड़ मिट्टी के नीचे होती है जिसको देखने के लिये हमें मिट्टी को कुरेदना पड़ता है इसी तरह सभी संस्कृतियों का मूल स्रोत एक है जिसको जानने के लिये ऐतिहासिक तथ्यों को सत्य की कसौटी पर परखकर सामने लाना ही हमारा उद्देश्य होना चाहिए। स्वामी प्रणवानन्द जी महाराज ने बहुत ही सही लिखा है "सत्य की खोज मानव का सबसे पवित्र कार्य है और उसका प्रचार मानव का

कर्तव्य" Search for the truth is the noblest occupation of man; its publication is a duty."

सभी संस्कृतियों का उत्कर्ष उसके प्राचीन इतिहास पर निर्भर होता है इसलिये हर धर्म और जाति ने अपने को चाहे वह वैदिक, बौद्ध, ईसाई या मुस्लिम हो प्राचीन सिद्ध करने की चेष्टा में आदि मूल स्रोतों को नष्ट करने, परिवर्तन करने या अनदेखा करने की कोशिश की जो आज भी चली आ रही है। इस विषय में, कर्नाटक के सन्दर्भ में इतिहासकार रोमिला थापर का यह वक्तव्य बहुत महत्वपूर्ण है जो उन्होंने हिन्दुस्तान टाइम्स के रिपोर्टर अमित सेनगुप्ता को दिया— "We are now finding evidence of shaivite attacks on Jain Temples, the destruction of Temples, the removal of idols, the re-emplanting of shaivite images in their place, this is a regular occurrence where by even Temples were destroyed or Jain monuments were destroyed by Hindu particularly by shaivites."

प्रख्यात् बौद्ध साहित्य एवं तंत्र शास्त्र विशेषज्ञ डॉ. प्रबोध चन्द्र बागची ने अपनी कई एक स्थापनाओं के द्वारा खोतान एवं उसके आस-पास के इलाकों के खण्डहरों में जो मूर्तियां मिली उस पर अपना विवेचन करते हुए उन्हें जैन मूर्तियों के सादृश्य बताया। उन्होंने सिलवा लेवी के साथ पालि और प्राकृत के अध्ययन के साथ-साथ बौद्ध सूत्रों के समानान्तर उन जैन सूत्रों को भी खोज निकाला जिसके कारण अनेक कट्टरवादी प्राच्य विद्वानों ने उनका विरोध किया पर उनकी सारी स्थापनाएं उस वक्त सच दिखाई देती है जब एम. ए. स्टाइन के भ्रमण वृत्तान्तों को पढ़कर उन सच्चाइयों को हम देख पाते है। वस्तुतः

जैन धर्म के अवशेष सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व भर में फैले हुए है जिसके लिये डॉ. प्रबोध चन्द्र बागची कहते है कि सच्चाई को देखने के लिये सिर्फ चमड़े की आँख ही नहीं बल्कि एक निरपेक्ष मन की आँख भी होनी चाहिये। एक ऐसा सच जो हर समय, हर तरफ अपना साक्ष्य प्रदान करता है उसे अलग से प्रमाणित करने की जरूरत मैं नहीं समझता हूँ। (प्रधान अतिथि मूर्तिकला विशेषज्ञ डॉ. एस. के. सरस्वती के समक्ष रवीन्द्र जयन्ती के उपलक्ष्य में विश्व भारती में दिया गया भाषण)

प्राचीन समय से ही मक्का बहुत ही पवित्र और पूज्य स्थान माना जाता रहा है। दूर दूर से यात्री इस तीर्थ के दर्शन को आते थे। काबा का मन्दिर बहुत ही प्रसिद्ध था, जहाँ ३६० मूर्तियां थी। सन् १९४५ में विक्रम संवत् २००० उज्जयिनी में मनाया गया। उस समय हिन्दू और मुसलमान दोनों द्वारा सम्मिलित रूप से एक लेख जारी किया गया था जिसमें यह उल्लेख था कि अरब का अन्तिम भारतीय राजा सम्राट विक्रमादित्य था जिसकी राजधानी उज्जयिनी थी। यह राजा इतना प्रभावशाली था कि उसकी प्रशंसा में अरब कवि जिरहम विन्टोई ने कविता की रचना की थी। यह कवि मोहम्मद साहब से १६५ वर्ष पहले और विक्रम के शासन के ५०० वर्ष बाद हुआ था। उस समय कविता की प्रतियोगिता की परम्परा थी और जो कविता पुरस्कार प्राप्त करती उसे काबा के मन्दिर में स्वर्ण तश्तरी में खुदवाकर लगाया जाता था। विन्टोई की यह कविता स्वर्ण तश्तरी पर खुदी हुई है और काबा के मन्दिर के अन्दर लगायी गयी थी। यह कविता मूल भाषा में और उसका अंग्रेजी अनुवाद दोनों उपलब्ध है। जैन साहित्य में भी विक्रमादित्य के विषय में सिद्धसेन दिवाकर और महाकालेश्वर मन्दिर के संदर्भ में अनेक जनश्रुतियां तथा उल्लेख

मिलते है। शार्लोट क्राउज़ ने विक्रमादित्य और सिद्धसेन दिवाकर का अपने लेख में वर्णन किया है। जबकि इतिहास इस महान् सम्राट के विषय में अभी तक अंधेरे में हैं।

भारतीय इतिहास में कल्हण की राजतरंगिणी बहुत ही महत्वपूर्ण और प्रामाणिक स्रोत मानी जाती है। स्वयं कल्हण ने लिखा है कि उसने राजतरंगिणी की रचना बिना किसी विद्वेष और पक्षपात के लिखी है। इतिहासकार आर. सी. मजूमदार ने भी इसके विषय में कहा है This is the only work in ancient Indian literature that may be regarded as an Historical text in the true sense of the word.

राजतरंगिणी में लगभग १३०० ई. पू. का वर्णन है। जिसके अनुसार-

प्रपौत्र शकुनेस्तस्य भूपतेः प्रपितृव्यज
अथा वहदशोकांख्यः सत्य संधो वसुंधराम्
यः शांत वृजिनो राजा प्रपन्नो जिनशासनम्
शुष्कलेत्र वितस्तात्रौ तस्तार स्तूपमंडलै
धर्मारण्य विहारान्तर्वितस्तात्रपुरेभवत्
यत्कृतं चैत्यमुसेधावधि प्राप्त्यक्षमेक्षणम्

१ :१०१, १०२, १०३

M.A. Stein ने इसका अनुवाद करते हुए लिखा है– "Then the son of that king's grand uncle and great grand son of Sakuni The faithful Asoka reigned over the earth. This king who had freed himself from sins and had embraced the doctrine of Jina, covered Suskaletra and Vitastara with numerous stupas... ." अर्थात् राजा शकुनी के प्रपौत्र सत्य प्रतिज्ञ अशोक महान् ने काश्मीर की वसुन्धरा पर राज्य किया। उसने जिन शासन को

स्वीकार किया था तब उसके पाप शान्त हो गये थे। शुष्कलेक तथा वितस्तात्र इन दोनों नगरों को उसने जैन स्तूप मंडलों से आच्छादित कर दिया था। अनेक जैन मंदिरों तथा नगरों का निर्माण किया जिनमें विस्तात्र पुरी के धर्मारण्य विहार में इतना ऊँचा मन्दिर बनवाया था कि जिसकी ऊँचाई को आँखे देखने में असमर्थ हो जाती थी। इसकी व्याख्या करते समय सिर्फ M.A. Stein तथा अन्य विदेशी इतिहासकारों ने ही नहीं भारतीय इतिहासकारों ने भी इस अशोक को मौर्य वंशी अशोक मान लेने की भूल की है। कुछ मास पूर्व इतिहास के एक प्रो. से मैं मिली तो मैंने राजतरंगिणी का यह श्लोक उनको पढ़ने के लिये दिया। उन्होंने अशोक का नाम पढ़ा तो बोले यहाँ जिनशासन् शब्द का अर्थ बौद्ध शासन होना चाहिये क्योंकि अशोक बौद्ध था। मैंने उनसे इस विषय पर विस्तारित रूप से चर्चा की तब उन्होंने अपनी बात में छिपे भ्रम को स्वीकार किया। इतिहास का विशुद्ध रूप से अध्ययन अनेकान्त दृष्टि से ही सम्भव है तभी सही तथ्य हमारे सामने आ पायेंगे। राजतरंगिणी का यह एक ऐसा अकाट्य प्रमाण है जो चौदहवीं शती ई० पू० में जैन धर्म के प्रभाव की पुष्टि करता है।

उड़ीसा के महान् सम्राट महाराज खारवेल मेघवाहन के राज्यकाल के १३वें वर्ष तक का वर्णन खण्डगिरि-उदयगिरि के शिलालेखों में मिलता है। लेकिन उसके बाद का वर्णन कल्हण की राजतरंगिनी में मिलता है। राजतरंगिनी में सिर्फ मेघवाहन का ही नहीं वरन् उसके बाद की चार पीढ़ियों का वर्णन किया गया है। महामेघवाहन ने उत्तरापथ में काश्मीर पर विजय पताका फहराकर वहाँ अहिंसा का प्रचार किया था। डलहौजी से श्रीनगर के पैदल रास्ते में आज भी सैकड़ों मंदिरों के खंडहर वीरान पड़े हुए दिखायी पड़ते हैं। जिन्हें देव मंदिर कहा जाता है। A.H. Francke ने अपनी किताब A History of Western Tibet में लिखा

है– " When Hiuen Tsang visited Kashmir, he found the mass of the population addicted to the devas, and the monasteries few and partly deserted." श्री नरेन्द्र सहगल ने पांचजन्य में काश्मीर सम्बन्धी अपने लेख में खारवेल के विषय में लिखा है कि **प्राणी रक्षा हेतु स्वयं की बलि को प्रस्तुत होने वाला मेघवाहन अपने आदर्शों से** काश्मीर को ऊँचा उठा ले गया। Stein ने भी खारवेल के विषय में कहा है– Then he who was sincere in the observance of the sacred law, went forth for the conquest of the world so that he might impose upon the other kings his prohibition against the killing. His ambition for conquest, in which valour was laudably with care for keeping the people free from fear, deserved to be envied even by a Jina.

पुष्यमित्र को हराकर कलिंग जिन की मूर्ति को वापिस कलिंग में लाकर स्थापित करने वाले दिग्विजयी सम्राट खारवेल के विषय में के. राधाकृष्ण लिखते हैं— काश्मीर ने सम्राट मेघवाहन जैसे दिग्विजयी सम्राट उत्पन्न किये जिसकी सैनिक वाहिनियों ने आधे विश्व पर विजय किया और विजित प्रदेशों को एक शर्त पर वापिस किया कि वहां पर प्राणी हिंसा नहीं होगी। लेकिन यह बड़े खेद का विषय है कि ऐसे महान सम्राट को भारतीय इतिहास के पन्ने में कोई स्थान क्यों नहीं मिला? क्योंकि वह जिनधर्म के अनुयायी थे। इतिहास मेरा प्रिय विषय था लेकिन अपने विद्यार्थी जीवन में खारवेल के विषय में न कभी पढ़ने में आया और न ही सुनने में।

किसी भी संस्कृति का इतिहास जानने के दो प्रमुख साधन होते है। साहित्यिक और पुरातात्विक। इन दोनों उपलब्ध स्त्रोतों से यह

निश्चित तौर पर प्रमाणित होता है कि ऋषभ संस्कृति ही प्राचीन मूल संस्कृति थी। राजतरंगिनी, खारवेल के शिलालेख, मथुरा के आयागपट्ट और मूर्तियां, फतेहपुर सीकरी का अन्वेषण यह सब प्राचीन अर्हत संस्कृति को ही परिलक्षित करते है। एक सबसे महत्वपूर्ण बात इस सन्दर्भ में ऋषभदेव के निर्वाण स्थल अष्टापद से सम्बन्धित है। तीर्थंकरों के पंचकल्याणकों की जगह प्राचीनकाल से ही तीर्थ मानी जाती रही है। पंचकल्याणकों में निर्वाणकल्याणक का महत्व अधिक माना जाता है। ऋषभदेव की निर्वाण भूमि अष्टापद सबसे प्राचीन तीर्थ है। जहाँ उनके पुत्र प्रथम चक्रवर्ती भरत द्वारा मन्दिरों स्तूपों का निर्माण करवाया गया था जिनके उल्लेख जैन साहित्य में प्रचुर रूप से मिलते है।

अष्टापद का कैलाश के रूप में तथा शिव के रूप में वर्णन मिलता है। वास्तव में यह शिव क्षेत्र है क्योंकि तिब्बती भाषा में शिव का अर्थ मुक्त और लिंग का अर्थ क्षेत्र होता है। अष्टापद या कैलाश तिब्बत में है अतः तिब्बत के प्राचीन धर्म के विषय में अध्ययन आवश्यक है। बुद्ध धर्म वहाँ ८वीं शताब्दी के बाद आरम्भ हुआ। प्राचीन काल के कुछ चित्र एवं कलाकृतियां प्राप्त हुए है। जिसके विषय में ए. एच. फ्रेन्क ने अपनी किताब 'History of Western Tibet' में लिखा हैं 'These painting represents Buddhist saints often nude and in a standing position' वास्तव में यह जैन मुनियों के चित्र थे। क्योंकि बौद्ध धर्म में दिगम्बरत्व का कोई स्थान नहीं होता। महापण्डित राहुल सांकृत्यायन ने अपने लेख 'मेरी तिब्बत यात्रा' में लिखा है कि उन्होंने तिब्बत यात्रा के दौरान अनेकों अवहेलित जैन मूर्तियाँ बन्द कमरे में पड़ी हुई देखी। जिनमें से कुछ के उत्कीर्ण लेखों को उन्होंने अपने विवरण में भी दिया है। 'History of Western Tibet' में एक

संक्षिप्त विवरण मिला है जिसमें पांच मूर्तियों की प्राप्ति का उल्लेख है जिनको जैन धर्म से अनभिज्ञ लेखक ने बौद्ध मूर्तियां बताया है। इनमें तीन मूर्तियों के नीचे सिंह, मोर और गरुड़ बने हुए हैं जो जिन मूर्तियों के प्रतीक हैं।

बचपन में जब मन्दिर जाती थी तो वहां तीर्थों के चित्र देखने में आते उनमें अष्टापद का काल्पनिक चित्र भी देखने में आया और ये जिज्ञासा उत्पन्न हुई कि ये तीर्थ कहाँ पर है क्यों कि अन्य बड़े - बड़े तीर्थ प्राय सब देख और सुन रखे थे। माता-पिताजी से पूछा उन्होंने बताया कि तीर्थ लुप्त हो चुका है। समझ नहीं आया कि तीर्थ लुप्त कैसे होता है। पूछने पर यह बताया गया कि आज के कलयुग में ऐसे महत्वपूर्ण और पवित्र तीर्थ के मनुष्य को दर्शन नहीं हो सकते। अनेक प्रश्न मन में उठते रहे पर जिज्ञासा शान्त नहीं हुई क्यों कि समाधान नहीं था। अनेकों वर्षों बाद परम् पूज्य आचार्य प्रवर पद्मसागर सूरिश्वर जी महाराज के आशीर्वाद से कोबा के संग्रहालय में डॉ. बालाजी साहब से जैन धर्म के विषय में चर्चा हो रही थी। चर्चा करते करते उन्होंने अष्टापद कैलाश का एक चित्र दिखाया जिसे देखकर मन रोमांचित हो उठा और मैंने उनसे वह चित्र माँगा। उन्होंने मुझे भरत भाई शाह का पता व फोन नम्बर देकर उनसे सम्पर्क करने को कहा, और यहीं से मेरी जिज्ञासा के समाधान की खोज आरम्भ हुई जो आज भी जारी है। इस बीच इस विषय पर कुछ काम करने का मौका भी मिला। सन् १९९९ ई. में गुरुवर श्री पूज्यजी श्री जिनचन्द सूरि जी के आशीर्वाद से इस विषय पर तित्थयर पत्रिका का विशेषांक निकाला जिसमें भरत भाई शाह के कैलाश की तीन यात्राओं का अनुभव एवं उनके द्वारा लिये वहाँ के चित्र मेरे शोध कार्य का प्रमुख स्रोत रहे। इस विशेषांक को देखकर श्रद्धेय स्वर्गीय

भंवर लाल जी नाहटा साहब ने अष्टापद पर एक स्वतन्त्र किताब लिखने को कहा। वह हमेशा कहते थे कि आप यह काम आपको करना है। यह मेरा दुर्भाग्य रहा कि उनके सामने यह कार्य मैं पूरा नहीं कर सकी। आज उनके प्रति अपनी श्रद्धांजलि के रूप में यह शोध कार्य उनको समर्पित करती हूँ। इस शोध लेखन में महोपाध्याय विनय सागर जी, प्रसिद्ध विद्वान् डॉ. सागरमल जैन से मुझे बराबर मार्ग दर्शन मिला। डॉ. सागरमलजी ने तथ्यों की प्रामाणिकता के लिये किताब में मूल स्रोतों को ही आधार बनाने को कहा। फलस्वरूप इस किताब में ज्यादा से ज्यादा मूल स्रोतों से ही ऋषभदेव, और कैलाश, (अष्टापद) विषयक प्रमाणिक दृष्टान्त तथा उदाहरण लिये गये है। श्री दिलीप सिंह जी नाहटा ने पुराणों का पूरा संग्रह उसी समय मुझे मंगवाकर दिया। प्रसिद्ध भाषाविद् डॉ. सत्यरंजन बनर्जी के सहयोग से मुझे वेदों के अध्ययन करने का भी मौका मिला तथा ऋग्वेद में ऋषभदेव संबंधी ऋचाओं की जानकारी मिली। इस शोध पुस्तक की ग्रन्थ सूची तैयार करने में डॉ. सत्यरंजन बनर्जी की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। स्वामी प्रणवानन्दजी और पाश्चात्य विद्वानों के कैलाश मानसरोवर यात्राओं के वर्णन उनकी किताबों के मूल प्रतियों से लिये गये जो मेरे चाचा जी श्री जी. सी. जैन ने मुझे उपलब्ध कराये थे । पाँच वर्षों के निरन्तर प्रयास के बाद यह शोध ग्रन्थ तैयार हुआ। यह दुर्भाग्य है कि आज इन शोध ग्रन्थों के महत्व से हमारा समाज बेखबर है तथा इन शोध ग्रन्थों के परखने की क्षमता का पूर्ण अभाव दिखता है। आज स्वयं के प्रचार और प्रशंसा में निकलने वाले समाचार पत्रों और उनके मुफ्त में वितरण करने वालों की सख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है परन्तु इन सबसे परे कुछ लोग ऐसे भी है जो धार्मिक प्रभावना में तन, मन, धन से

समर्पित है। ऐसे ही एक व्यक्ति है डॉ. रजनी कान्त शाह। जिन्होंने न्यूयार्क में जैन मंदिर का निर्माण कर उसमें अष्टापद बनवा रहे है। साथ ही अष्टापद से सम्बन्धित जैन और जैनेत्तर साहित्य का संकलन कर उसका प्रकाशन एवं सी. डी. निर्मित कराई है। विलुप्त हुए इस तीर्थ की खोज की दिशा में डॉ. रजनी कान्त शाह द्वारा दिनांक २८ मई सन् २००६ से २४ दिनों की अष्टापद. यात्रा का विशेष प्रारम्भ किया जा रहा है। जो एक अविस्मरणीय खोज यात्रा कही जा सकती है। आदि तीर्थंकर ऋषभदेव की निर्माण भूमि पर यह खोज यात्रा एक विलक्षण, अद्‌भुत अनुभव होगी जो कई तथ्यों के रहस्यों को उजागर करेगी ऐसा मेरा विश्वास है । इसके लिये डॉ. रजनी कान्त शाह और उनके सहयोगियों के प्रति समस्त जैन समाज कृतज्ञ रहेगा।

आदि तीर्थंकर ऋषभदेव और अष्टापद (२)

आज से दस साल पहले तक भारत की प्राचीनतम सभ्यता सिन्धु नदी घाटी की सभ्यता मानी जाती थी और विद्वानों के अनुसार इसका समय २५००-३००० ई. पूर्व निश्चित किया गया था लेकिन विगत् दस वर्षों में सिन्धु नदी घाटी के और स्थानों में व्यापक रूप से खुदाई में जो अवशेष और सामग्री प्राप्त हुई है उससे विद्वानों का अनुमान है कि यह सभ्यता ७००० ई. पूर्व यानि आज से ९००० साल पुरानी है तथा विश्व की मान्य प्राचीनतम सभ्यताओं में अग्रणी है। The prehistory of the Indian subcontinent (or India for short) began at Mehrgarh in Baluchistan in about 7000 B.C. with the transition from hunting, food gathering and nomadism to agriculture, animal husbandry and village life. (The Vadic People-Rajesh Kochar, p. 58).

मानव सभ्यता का प्रारम्भ कैसे हुआ, कब हुआ, इस सन्दर्भ में सभी प्राचीन संस्कृतियों, धर्मों में जो उल्लेख मिलते है उन सबका मूल लगभग एक ही मालूम पड़ता है। विद्वानों ने समय-समय पर इस विषय में अपनी-अपनी खोजों के द्वारा विभिन्न मत दिये है पर अधिकतर विद्वानों का मत है कि मानव सभ्यता का प्रारम्भ हिमालय में हुआ। प्रसिद्ध भूगर्भ विशेषज्ञ मेडलीकर, ब्लैन्फर्ड और लैम्पबर्स ने हिमालय को आदिमानव का मूल स्थान माना है। नाइजीरिया के जिऑलोजी के प्रो. एल वी हौलस्टीड मानवीय सभ्यता का उद्‌गम हिमालय से मानते है पार्जिटर महोदय के अनुसार कैलाश के निकट ही मानव सभ्यता का प्रारम्भ हुआ।

मनुष्य की प्रवृत्ति सदा से ही खोज की रही है और इसी के परिणाम स्वरूप ये खोजें आज भी जारी है। इसी सन्दर्भ में कैलाश और अष्टापद के रूप में एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण वर्णन जैन शास्त्रों में मिलता है जिसके अनुसार आदि तीर्थंकर ऋषभदेव के निर्वाण स्थल अष्टापद कैलाश को माना गया है। अतः कैलाश या अष्टापद की खोज मानव संस्कृति के मूल स्रोत को जानने में एक महत्वपूर्ण प्रमाणिक जीवन्त दस्तावेज है। हमारे धार्मिक ग्रन्थों, कथाओं, चित्रकारियों में, परम्पराओं, धार्मिक क्रियाओं में, अष्टापद और कैलाश का वर्णन जहाँ कही भी मिला हमने उसे जन मानस के समक्ष रखने का प्रयास किया है जिससे कि मानव सभ्यता के मूल स्रोत का सही रूप से आंकलन किया जा सके।

हमारे पूर्वज आगम रचनाकार भी कैलाश से परिचित थे। प्राचीन ग्रन्थ उत्तराध्ययन सूत्र में कैलाश पर्वत का उल्लेख स्वर्ण और रजत पर्वत के रूप में मिलता है।

सुवएण रूप्पस्स उ पब्बया भवे,
सिया हु केलाससमा असंखया।
णरस्स लुद्धस्स ण तेहि किंचि,
इच्छा हु आगाससमा अणंतिया ।।४८।।

यदि कैलाश पर्वत के समान सोनें चाँदी के असंख्य पर्वत हो जाए तो भी मनुष्य को संतोष नहीं होता, क्योंकि इच्छा तो आकाश की तरह अनन्त है। (उत्तराध्ययन अ. - ६)

कवि कल्हण की राजतरंगिनी में महाभारत के समय में काश्मीर के राजा के रूप में गोनन्द प्रथम का उल्लेख मिलता है। इसी सन्दर्भ में कल्हण ने लिखा है—

"कश्मीरेन्द्रः स गोनन्दो वेल्लग्दंगादुगूलया।
दिशा कैलासहासिन्या प्रतापी पर्युपास्यत।।५७"

The Glorious king of Kasmir Gonanda was worshipped by the (Northern) region which Kailas lights us (with its dazzling snow) and which the tossing Ganga clothes with a soft Garment (Kalhan's Rajtarangini-- M.A. Stein first Book pg. 12 श्लोक 57)

आज से लगभग २६०० वर्ष पूर्व अष्टापद के संदर्भ में भगवान् महावीर ने गणधर गौतम को बताया था कि जो अपने तप के बल से अष्टापद की यात्रा करेगा वह निश्चित ही इसी भव में मुक्ति प्राप्त करेगा यह सुनकर गौतम स्वामी ने अष्टापद की यात्रा की और वहाँ पर कण्डरिक–पुण्डरिक अध्ययन की रचना करके वज्रस्वामी के जीव को प्रतिबोधित किया—

वयरसामि नउ जीव, तिर्यग् जृम्भक देव तिहां,
प्रतिबोध्या पुंडरिक, कंडरीक अध्ययन भणो।

उसी रात्रि में वज्रस्वामी का जीव जो उस समय तिर्यग् जृम्भक देव था, वह ध्यानावस्थित गौतम स्वामी के निकट आया और गौतम स्वामी ने पुण्डरीक-कण्डरीक की कथा के माध्यम से उसे प्रतिबोधित किया। ठीक इसी प्रकार कुछ परिवर्तन के साथ ब्रह्म पुराण में भी गौतम ऋषि के कैलाश जाने और वहाँ पर उमा-महेश्वर स्तवन की रचना का उल्लेख मिलता है जो इस प्रकार है।

गौतमकृतमुमामहेश्वरस्तवन :

कैलाशशिखरं गत्वा गौतमो भगवानृषिः ।
किं चकार तपो वाऽपि कां चक्रे स्तुतिमुत्तमाम् ।१
गिरिं गत्वा ततो वत्स वाचं संयम्य गौतमः ।
आस्तीर्य स कुशान्प्राज्ञः कैलासे पर्वतोत्तमे ।२
उपविश्य शुचिर्भूत्वा स्तोत्रं चेदं ततो जगौ ।
अपतत्पुष्पवृष्टिश्च स्तूयमाने महेश्वरे ।३

भोगार्थिनां भोगमभीप्सितं च, दातुं महान्त्यष्टवपूंषि धत्ते ।
सोमो जनार्ना गुणवप्तिनित्यं, देवं महादेवमिति स्तुंवन्ति ।४
कर्तु स्वकीयैर्विषयैः सुखानि, भर्तु समस्तं सचराचरं च।
सपत्तये ह्यस्य विबृद्धये च, महोमयं रूपमितीश्वरस्य ।५
सृष्टेः स्थितेः संहरणाय भूमेराधारमाधातुमपां स्वरूपम् ।
भेजे शिवः शान्ततनुर्जनानां, सुखाय धर्माय जगत्प्रतिष्ठितम् ।६
कालव्यवस्थाममृतस्रवं च, जीवस्थितिं सृष्टिमथो विनाशनम् ।
कर्तुं प्रजानां सुखमुन्नतिं च, चक्रेऽर्कचन्द्राग्निमयं शरीरम् ।७

श्री नारदजी ने कहा—भगवान गौतम ऋषि ने कैलास के शिखर पर पहुँचकर क्या किया था? क्या कोई वहाँ पर उन्होंने तपस्या की थी अथवा कौन सी उत्तम स्तुति की थी? ।१। श्री ब्रह्माजी ने कहा—हे वत्स! फिर उस कैलास पर जाकर उस गौतम ने वाणी का सर्व प्रथम संयम किया था। फिर उस पर्वतों में परम श्रेष्ठ कैलास पर उस परम प्राज्ञ गौतम ने कुशाओं को फैला दिया था। उस स्थल पर वह उपविष्ट हो गये और पवित्र होकर उन्होंने इस नीचे बताये जाने वाले स्तोत्र का गान किया था। इस प्रकार से महेश्वर प्रभु की स्तुति करने पर नभोमण्डल से पुष्पों की वृष्टि हुई थी ।२-३। गौतम ने इस प्रकार से महेश्वर की स्तुति करते हुए कहा— हे भगवन् ! आप भोगों के अभिलाषा रखने वाले अपने भक्तों को उनका अभीष्ट भोग प्रदान करने के लिए महान् आठ वपुओं को धारण किया करते हैं। आप उमादेवी के सहित अपने जनों के लिए ही नित्य उन गुणों से युक्त आठ शरीरों को धारण करते हैं। सभी उनका देव-महान देव है— ऐसा स्तवन किया करते हैं ।४। आप अपने विषयों के द्वारा सुखों का संबंधन करने के लिए तथा इस सम्पूर्ण चराचर विश्व का भरण करने के वास्ते और इस विश्व की सम्पत्ति एवं विशेष वृद्धि के लिये ईश्वर आपका यह महीमय ही स्वरूप है ।५। शिव प्रभु सृजन-स्थिति-और संहार के

लिये भूमि के आधार को रखने के वास्ते आप जल के स्वरूप को धारण किया करते हैं। शान्त स्वरूप वाले भगवान शिव अपने भक्तजनों के सुख तथा धर्म के लिए ही जगत् में प्रतिष्ठित रहा करते हैं ।६। इस काल की व्यवस्था को-अमृत के श्रवण की-जीवों की स्थिति-सृष्टि और विनाश-प्रजाओं को आनन्द-सुख और उन्नति को आपका चन्द्राग्निमय शरीर किया करता है ।७।

विविध तीर्थकल्प, त्रिशष्टि शलाका पुरुष चरित्र, श्री धर्मघोष सूरि द्वारा रचित अष्टापद महातीर्थ कल्प आदि अनेक जैन ग्रन्थों में रावण द्वारा अष्टापद पर जिनेश्वर भक्ति करने का उल्लेख मिलता है। रावण द्वारा अष्टापद (कैलाश) पर तपस्या करने का वर्णन Thomas Maurice ने भी किया है उन्होंने लिखा है कि "The tyrant of seventh Avatar was Rawan, who according to Ayeen-Akbary ' having ten heads and as many hands, spent ten thousand (lunar) years, on the mountain of Kylass, in worshpping God, and devoted ten of his heads, one after the other, in hopes of obtaining, for his final reward, the anonarchy of the three regions'. (The History of Hindostan As connected with other Great Empires of Asia by Thomal Maurice, vol-2, p. 234).

जैन शास्त्रों में रावण को आनेवाले उपसर्पिणी काल के २४तीर्थंकरों में स्थान दिया गया है। जैनेत्तर ग्रन्थों में रावण का अनार्य और राक्षस रूप में वर्णन मिलता है। यह कहा जाता है कि कुलपाक तीर्थ में ऋषभदेव स्वामी की प्रतिमा का पौराणिक इतिहास अष्टापद से सम्बन्धित है जिसकी पूजा रावण ने लंका में लाकर की थी। इसी से कुछ मिलता जुलता वर्णन हमें राजतरंगिणी के तीसरे खण्ड में मिलता है।

तां विष्णुप्रतिमां तच्च लिंगमीशानपूजितम्।
स्वयं प्रजासृजः पूज्यं कालेनादत्त रावणः।।४४६
तेनाप्यभ्यर्च्यमानं तल्लंङायामभवच्चिरम्।
देवद्वयं रावणान्ते नीतमासीच्च वानरै :।।४४७
तिर्यक्तया ते कपयो मुग्धा हिमनगौकसः।
शान्तौत्सुक्याः शनैर्देवौ न्यधुरुत्तरमानसे।।४४८
दिव्यैः प्रसूनैः संवीतौ हरनारायणौ जनः।
प्रातर्नृपगृहे दृष्टाव परं विस्मयमाययौ।।४५२

"That image of *Visnu* and that Linga which *Siva* had worshipped and which deserved to be worshipped by the Creator (Prajapati) himself, came in the course of time into *Ravana's* possession." The two images which *Ravana* also worshipped, were long at *Lanka,* and were at his death carried away by the monkeys." "The monkeys which lived on the *Himalaya* mountain, stupid as beasts are, after satisfying their curiosity, dropped the (images of the) two gods in the *Uttaramanasa [Lake].*" In the morning the people seeing the [images of] *Hara* and *Narayana* covered with divine blossoms at the royal residence were utterly astonished.

राक्षस ताल के विषय में एक और मान्यता प्रचलित है— रावण की कैलाश पर की गई तपस्या से प्रसन्न होकर शिव के वरदान मांगने पर रावण ने कहा था— Ravan asked that the lord should come and reside in his kingdom, Lanka. Leaving the Kailash Valley, The Lord agreed and offered himself to Rawana as a lingam (sacred phallus) subject to one condition that Rawana cannot keep him down on the earth

any where on the way. The Gods in the heaven were worried. How can they let the lord leave His abode. They instructed the God of water, Varuna, to enter Ravana's stomack. When he started walking with the heavy siva lingam, Ravana felt that he had to ease himseft urgently. But how (could) he do so without putting down the heavy Lingam. He searched for someone (to carry it for him for a) time. He spotted a young Brahmin and request him to hold the lingam. The Brahmin Lad, who was none other than Lord Ganesha agreed. But since the God of water himself had inhabited Ravana's (belly) there was a continuous flow of water out of Ravana. Which formed this lake Raksasa tal (also called Ravan tal) Since Ravana was delaying, his return, the Brahmin could not hold the Lingam any longer and put in down. Thus the Holy Lingam in the form of the Kailash remained in its original place.

तिब्बती मान्यता के अनुसार— Hanuman child of wind, Vayu, is prince Rama's friend. He was sent on a mission to fetch the Sanjiwini herb. This Panacea would be able to restore the dying and even those already dead . In desperation, frustration or just because he could, when unable to identify, the magical plant, Hanuman picked up the moutain and brought it entire to Lanka. When enough herbs were collected, he tossed the mountain back in the direction where he got it, but it landed in such a way that the snow off Tiseh (Kailash) dropped into Tibet.

मानसरोवर के विषय में तिब्बती मान्यता के अनुसार— Tibetains say that when the world emperor (Chakravartin) Nug Bam was cooking rice to feed the entire world, the hot water that was strained from the pot cooled and became the lake.

For Hindus Kailash is the Sumeru Parvat the spiritual centre of the world around which the earthly powers resolve.

Kailash Mansarovar is the abode of Lord Siva, Parvat, Ganesha and Subramuniya. (Kailash Mansarovar, Diary of a Pilgrim).

High place always symbolized the spiritual quest, Probably because they seem closes to, and therefore best suited for peoples communication with heavenly beings.

In India the iconic representation of the male organ is the lingam, a pillar that usually represents Shiva, the most potent of made duties Shiva is worshipped in that form as a consequence of a curse by the sage, Bhrigu who he had slighted. (Swami Satchidananda)

Any remarkable local mountain is viewed as the center of the world. Mount Kailash is not one of the giant, but it stands prominently in a remate south west corner of Tibet, as amazingly symmetrical 22,028 foot striated pyramid with a diogonal gosh on one of its faces. It was described by Julion West of UK's The Daily Telegraph (May 27, 2001) is that "..... compelling, dome

shaped peak, rising above a desolately beautiful 13,000, ft. plateau of rainbow - coloured rocks.....

Distinctively Marked and dramatically centred between two smaller peaks, the 6,714 metre peak is believed to be the actual home of Lord Shiva. It is also the sacred seat of Rishabha (Adinath) founder of the Jain religion and Ist of 24 Tirthankaraś. Buddhists believe that poet Yogi, Milarepa (11th C.) is the only human being to have stood on its peak, a feat he accomplished by flying there.

In Tibeton, Kailas is called 'King Rinpoche', or the precious Mt. The Bon [pron. pein] call it yung drung Gu-tzeg '9-storey swastika' because on the south face of Kailash can be seen a swastika [Skt: self Manifested mark] which, until the 20th century was purely a universal symbol of prosperity, auspiciousness, and rebirth.

This peak is also viewed as the earthly manisfestation of mount Sumeru or Meru as it is also Known. Sumeru is considered the actual focus - the absolute central point of the Mandala. That is universal. Some scholars think that the name Sumeru is a reference to the ancient Kingdom of Sumeru that lay far to the west in Mesopotamia-perhaps humanity's first city.

Antonio Andrade, an early 17th century Jesuit missionary to the court of Akbar, the mogul emperor, and also to the Tibetan Kingdom of Guge, was the first Europeon to record a view of the peak. It was then forgotten by

Europeans until young husbands British expedition came upon it in the early 19th century.

"Guiseppe Tucci, the interpid Italian scholar, one of the first westeners to describe the temples and the tangkas of Tibetan civilization, while visiting Kailash in the 1930 wrote that it was "the navel of the world the ladder which links heaven and earth, and the great rock crystal palace of 360 Gods" (World Tibet Network News Published by the Report.)

"A journey to the holiest of Buddhist mountain is no cup of butter tea"

For Hindus who refer to Kailash as mount Sumeru, the mountain is the abode of shiva the destroyer. For Buddhists like me it is the place where all Buddhas dwell. To walk around it once with the right motivation - for it is unthinkable in Tibetan culture to conquer a mountain by Climbing it - is said to allow the pilgrim to wipe out the sins of a lifetime.

C Hillon : Extract from two books on the topic of Kailash and its water. According to Chain's-- "A pilgrimage Guide to Tibet", Unlike Hindu, Jain and Buddhist pilgrims. Bon people proceed in a counter clockwise fashion, contrary to the others.

'Mount Kailsah is also the residence of Kubera, God of wealth who is chief among the Yakshas or worldly spirit.

For Buddhist, Tiseh (Kailash) or Kaiva Karpo (white pillar) is the abode of Chakrasamvara (Tibetan : Dem chog) whose name is infact an epithet of shivas.

In1939 a Swiss matron named Elizabeth Caspari visited the Hemis monastery while on a Pilgrimage to mount Kailash. she was one of a small group in the company of Mrs Clarence Gasque, the President of an organisation called the World Association of Faith. (Jesus in India).

In a far corner of western Tibet reses the awe inspiring snowy peak of Mount kailash. To Hindu & Buddhist Pilgrims this is Tibet secret mountain. It is the Throne of the Gods where this world and the eternal unite and where every aspect of the landscape has a divine nature. (Mount kailash and the wonderful by P.C. Bodh).

To Tibetan Buddhist Mount Kailash in the most magical place on earth a place where one's prayer are answered instantly. The Journey to the diamond shaped peak is arduous, as it is located in the heart of the world's tallest mountains ! Yes it is well worth the effort, for according to tradition, one trip around the secret mountain at 17,500 feet can wipe away the sins of a life time. (Circling the Sacred mountain -A spiritual Adventure through the Himalayas by Robert Thurman with Tad Wise 1999.

शिवपुराण के एक श्लोक में लिखा है—
वेधा विधाता धाता व सृष्टा हर्त्ता चतुर्मुखः।
कैलाश शिखरावासी सर्वावासी सदागतिः।। १०६ (शिव पुराण)

